# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार के अन्तर्गत विधि विज्ञान प्रयोगशाला में निम्नांकित राजपत्रित पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु सुपात्र भारतीय नागरिकों (पुरूष एवं महिला) से विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र.सं. | विज्ञापन संख्या | पदनाम | प्रशाखा | प्रभाग | पे बैंड | ग्रेड पे | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षिक योग्यता (आवश्यक एवं वांछनीय) | अनुभव | उम्र सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 08/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | फोटो | भौतिकी | 9300–34800 | 4600 | 03 (तीन)<br>अ॰पि॰वर्ग–01, अना॰–02 | एम॰एससी॰ भौतिकी (Physics) अथवा एम॰एससी॰ फोरेंसिक साईस (Forensic Science)। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–भौतिकी। | **बिहार राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए वरीय वैज्ञानिक सहायक एवं समकक्ष अथवा उससे ऊपर के पदों पर किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में शोध/विश्लेषण एवं घटनास्थल निरीक्षण का कम से कम 03 (तीन) वर्षो का अनुभव अनिवार्य होगा। (फोरेंसिक साईस में एम॰एससी॰डिग्री योग्यताधारकों को ऐसा अनुभव अनिवार्य नहीं होगा)।** | दिनांक 01.01.2015 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम:–<br>1. अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष<br>2. पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष<br>3. अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष<br>4. अनुसूचित जाति/अनु॰ जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष<br>**2.** कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प 1735, दिनांक 22.06.2006 के द्वारा यथानियत अधिकतम उम्र सीमा में संविदा के आधार पर बिहार के विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में नियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों को 10 (दस) वर्षो की विशेष छूट नियमित नियुक्ति हेतु दी जाएगी।<br>**3.** कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प ज्ञापांक 2374 दिनांक 16.07.2007 के आलोक में, सरकारी सेवकों को, जो तीन वर्षो की निरन्तर सेवा पूर्ण कर चुके हों, उच्चतर वेतनमान की सेवा/सम्वर्ग में जाने के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 (पाँच) वर्ष की छूट अनुमान्य है। साथ ही, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की संकल्प ज्ञापांक–62, दिनांक 05.01.2007 के आलोक में विकलांगों को उक्त अधिकतम उम्र सीमा में 10 (दस) वर्षो की छूट अनुमान्य है।<br>**4.** कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 2447, दिनांक 06.03.1990 के आलोक में भूतपूर्व सैनिकों को उम्र सीमा में 03 वर्ष तथा प्रतिरक्षा सेवा में बितायी गयी सेवा अवधि के योग के समतुल्य रियायत दी जायेगी बशर्ते कि उनकी वास्तविक उम्र आवेदन देने की तिथि को 53 वर्ष से अधिक नहीं हो। |
| 2. | 09/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | रसायन | रसायन | 9300–34800 | 4600 | 02 (दो)<br>अ॰पि॰ वर्ग–01, अना॰–01 | एम॰एससी॰–रसायन शास्त्र (Chemistry) अथवा एम॰एससी॰ बायोकेमेस्ट्री (Bio-Chemistry) अथवा एम॰एससी॰ फर्माकोलोजी (Pharnacology) अथवा एम॰एससी॰ फोरेंसिक साईस (Forensic Science)। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–रसायनशास्त्र। | | |
| 3. | 10/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | विस्फोटक | रसायन | 9300–34800 | 4600 | 03 (तीन)<br>अनु॰ जाति–01, अना॰–02 | एम॰एससी॰–रसायन शास्त्र अथवा एम॰एससी॰ फोरेंसिक साईस (Forensic Science) एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–रसायनशास्त्र। | | |
| 4. | 11/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | आग्नेयास्त्र | भौतिकी | 9300–34800 | 4600 | 04 (चार)<br>अ॰पि॰ वर्ग–01, अना॰–03 | एम॰एससी॰ भौतिकी अथवा एम॰एससी॰गणित अथवा एम॰एससी॰ फोरेंसिक साईस (Forensic Science)। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–भौतिकी अथवा गणित। | | |
| 5. | 12/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | विष विज्ञान | रसायन | 9300–34800 | 4600 | 02 (दो)<br>अना॰–02 | एम॰एससी॰–रसायन शास्त्र अथवा एम॰एससी॰ विष विज्ञान (Toxicology) अथवा एम॰एससी॰ फोरेंसिक साईस। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–रसायनशास्त्र। | | |
| 6. | 13/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | भौतिकी | भौतिकी | 9300–34800 | 4600 | 03 (तीन)<br>अ॰पि॰ वर्ग– 01<br>अनु॰ जाति–01, अना॰–01 | एम॰एससी॰ भौतिकी अथवा एम॰एससी॰ गणित अथवा एम॰एससी॰ बायोफिजिक्स (Bio-Physics) अथवा एम॰एससी॰ एप्लाइड फिजिक्स (Applied Physics) अथवा एम॰टेक॰ कम्प्यूटर साईस (Computer Science) अथवा एम॰टेक॰ इंस्ट्रूमेंटेशन (Instrumentation) अथवा एम॰एससी॰फोरेंसिक साईस। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–भौतिकी। | | |
| 7. | 14/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | सीरम | जीव विज्ञान | 9300–34800 | 4600 | 03 (तीन)<br>अ॰पि॰ वर्ग– 01<br>अनु॰ जाति–01, अना॰–01 | एम॰एससी॰, जीव रसायन (Bio-Chemistry) अथवा एम॰एससी॰ प्राणिकी (Zoology) अथवा एम॰एससी॰ वनस्पति शास्त्र (Botany) अथवा एम॰एससी॰ अनुजैविकी (Micro-Biology) अथवा एम॰एससी॰ बायोटेक्नोलॉजी अथवा एम॰एससी॰, फोरेंसीक साईस। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰/बी॰टेक॰ स्तर पर विषय–प्राणिकी अथवा वनस्पति शास्त्र अथवा अनुजैविकी अथवा बायोटेक्नोलॉजी अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी॰एससी॰ फोरेंसिक साईस। | | |
| 8. | 15/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | जीव विज्ञान | जीव विज्ञान | 9300–34800 | 4600 | 04 (चार)<br>अ॰पि॰ वर्ग– 01<br>अनारक्षित – 03 | एम॰एससी॰, प्राणिकी (Zoology) अथवा एम॰एससी॰ वनस्पति शास्त्र अथवा एम॰एससी॰ जीव रसायन अथवा एम॰एससी॰ मानविकी (शारीरिक) {Anthropology (Physical)} अथवा एम॰एससी॰ बायोटेक्नोलॉजी अथवा एम॰एससी॰ अनुजैविकी अथवा एम॰एससी॰ मोलेकुलर बायोलोजी (Molecular Biology) अथवा एम॰एससी॰ जेनेटिक्स (Genetics) अथवा एम॰एससी॰, फोरेंसिक साईस। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰/बी॰टेक॰ स्तर पर विषय–प्राणिकी अथवा वनस्पति शास्त्र अथवा बायोटेक्नोलॉजी अथवा बी॰एससी॰ एम॰एल॰टी॰ अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी॰एससी॰ फोरेंसिक साईस। | | |
| 9. | 16/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | नारकोटिक्स | रसायन | 9300–34800 | 4600 | 02 (दो)<br>अ॰पि॰ वर्ग–01, अना॰–01 | एम॰एससी॰– रसायन शास्त्र अथवा एम॰एससी॰फोरेंसिक साईस, एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰ स्तर पर विषय–रसायनशास्त्र। | | |
| 10 | 17/2015 | वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी | डी॰एन॰ए॰ | जीव विज्ञान | 9300–34800 | 4600 | 01 (एक)<br>अना॰–01 | एम॰एससी॰, प्राणिकी (Zoology) अथवा एम॰एससी॰ जीव रसायन (Bio-Chemistry) अथवा एम॰एससी॰ मानविकी (शारीरिक) {Anthropology (Physical)} अथवा एम॰एससी॰ बायोटेक्नोलॉजी अथवा एम॰एससी॰ अनुजैविकी (Micro-Biology) अथवा एम॰एससी॰, फोरेंसिक साईस (जेनेटिक्स में विशिष्टता)। एम॰एससी॰– फोरेंसिक साईस के लिए बी॰एससी॰/बी॰टेक॰ स्तर पर विषय–प्राणिकी अथवा वनस्पति शास्त्र अथवा बायोटेक्नोलॉजी अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी॰एससी॰ फोरेंसिक साईस। | | |

**(नोट :– उक्त रिक्त पदों में से विकलांग उम्मीदवारों को भी नियमानुसार आरक्षण देय होगा। उपर्युक्त विज्ञापन सं॰–16/2015 एवं 17/2015 को छोड़कर शेष सभी विज्ञापनों में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक– 212 दिनांक 23.01.2006 के आलोक में वैसे उम्मीदवार जो दिनांक 01.08.2010 से 01.01.2015 तक उक्त अधिकतम उम्र सीमा के आधार पर पात्रता रखते थे और अद्यतन अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं, वे भी योग्य पात्र होंगें)**

2. **आरक्षणः**

(i) आवेदन पत्र में, नियत क्रमांक के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी, जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है अर्थात् जो बिहार के मूलवासी हैं। बिहार राज्य के बाहर के निवासी अभ्यर्थी, आरक्षण के लाभ हेतु दावा नहीं करेंगे।

(ii) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के परिपत्र सं॰ 673, दिनांक 08.03.2011 के आलोक में आरक्षित कोटि के उम्मीदवार के लिए, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की दशा में, अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति–सह–क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की दशा में; अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। **विहित मूल आरक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवार के साक्षात्कार की तिथि अंतिम तिथि होगी। उक्त तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए जाति–सह–क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा और संबंधित उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) कोटि के माने जायेंगे।**

3. **शुल्कः**

केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 25/– (पचीस) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 75/– (पचहत्तर) रूपये तथा बिहार राज्य के अन्य कोटि के उम्मीदवारों सहित अन्य सभी राज्यों के सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए 100/– (एक सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 150/– (एक सौ पचास) रूपये चालान के माध्यम से आयोग के खाता संख्या 31650243410 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करना होगा। अभ्यर्थी विशेष का चालान ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के बाद उपलब्ध होगा, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड करेंगे एवं शुल्क जमा करेंगे। **उम्मीदवार चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन पत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करेंगे तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**

4. **अन्यः**

**अपूर्ण, अस्पष्ट, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। अलग–अलग विज्ञापन संख्या के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा, तदनुसार ही शुल्क जमा करना होगा।**

5. **चयन का आधार :– शैक्षिक योग्यता, कार्यानुभव एवं साक्षात्कार के आधार पर सुयोग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। रिक्ति/रिक्तियों से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आरक्षण कोटिवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या एवं प्रक्रिया के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।**

**(i) शैक्षिक योग्यता के लिए कुल 60 अंक निर्धारित है, जिसका विभाजन निम्न प्रकार होगा :–**

| क्रमांक | योग्यता | प्रथम श्रेणी | द्वितीय श्रेणी | तृतीय श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | 10 अंक | 08 अंक | 06 अंक |
| 2. | आई॰एससी॰ | 12 अंक | 10 अंक | 08 अंक |
| 3. | बी॰एससी॰/बी॰टेक॰ | 18 अंक | 15 अंक | 12 अंक |
| 4. | एम॰एससी॰/एम॰टेक॰ | 20 अंक | 18 अंक | 16 अंक |
| | **कुल** | **60 अंक** | **51 अंक** | **42 अंक** |

**(ii)** पटना, भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर में अवस्थित बिहार राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में कार्यानुभव के लिए प्रत्येक वर्ष के लिए 05 (पाँच) अंक एवं अधिकतम 20 (बीस) अंक दिए जाएंगे।

**(iii)** वैसे उम्मीदवार, जिनके प्रमाण–पत्रों में श्रेणी की जगह CGPA अंकित है, उन्हें अपने बोर्ड/विश्वविद्यालय से CGPA को प्रतिशत में परिवर्तित करने का फार्मूला प्राप्त कर अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगा, अन्यथा उनको उक्त परीक्षा में अंक देय नहीं होगा।

**(iv) साक्षात्कार के लिए अधिकतम 20 (बीस) अंक दिए जायेंगे।**

**{नोट :– विज्ञापन सं॰ 08/2015 से 17/2015 तक के लिए उम्मीदवारों की दृष्टि बिना चश्मा के सामान्य होनी चाहिए।}**

6. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के दिशा निर्देशः**

(i) दिनांक 10.11.2015 से ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। ऑनलाइन पंजीकरण एवं बैंक चालान डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 16.12.2015 की संध्या 5:00 बजे तक होगी। बैंक में चालान जमा करने की अंतिम तिथि 23.12.2015 को बैंकिंग आवर तक होगी। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30.12.2015 को संध्या 5:00 बजे तक होगी।

(ii) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेबसाईट पर आवश्यक दिशा निदेश उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व उक्त दिशा निदेशों का भली भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करेंगे। आवेदन पत्र में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(iii) अभ्यर्थी ऑनलाइन से भरे गए A4 Size के पेपर पर आवेदन पत्र को प्रिन्ट कर सभी प्रमाण–पत्र/अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं बैंक चालान की प्रति संलग्न कर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में मंगलवार, दिनांक 12.01.2016 को संध्या 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाए। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी अनुलग्नक के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

## आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश

1. **प्रविष्टिः**

स्तम्भ (कॉलम) 11 में उम्मीदवार अपनी शारीरिक पहचान का एक विशिष्ट चिह्न अवश्य अंकित करेंगे जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

2. **फोटोग्राफः**

उम्मीदवार अपने हाल का खिंचा हुआ एक फोटोग्राफ स्कैन कर आवेदन में निर्धारित बॉक्स में डालेंगे।

3. **लिफाफा एवं प्रमाण पत्रः**

(i) **विहित आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित (स्वअभिप्रमाणित) हार्ड कॉपी के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में अनिवार्यतः क्रमवार संलग्न करेंगेः–**

1) मैट्रिक का प्रमाण पत्र (जन्म तिथि के लिए) एवं अंक पत्र;
2) इंटर का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र;
3) बी॰एससी॰, बी॰टेक॰ एवं एम॰एससी॰, एम॰टेक॰ प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र तथा CGPA Conversion प्रमाण पत्र;
4) किसी मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में शोध/विश्लेषण एवं घटनास्थल निरीक्षण का कम से कम 03 (तीन) वर्षों का अनुभव प्रमाण पत्र;
5) पटना, भागलपुर एवं मुजफ्फरपुर में अवस्थित बिहार राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला में कार्यरत अनुभव (यदि हो) संबंधी प्रमाण पत्र;
6) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये जाति प्रमाण पत्र एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए जाति–सह–क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र;
7) बैंक में जमा चालान की मूल BPSC प्रति।

(ii) जिस लिफाफा में आवेदन पत्र भेजेंगे, उस लिफाफा के ऊपर पता पर्ची (Address Slip) प्रेषक का पर्ची (Slip) चिपका कर सभी अनुलग्नकों के साथ भेजना सुनिश्चित करेंगे।

Sd/- 3/11/15

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## वि॰सं॰–08/2015 से 17/2015 तक ऑनलाइन आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश :

**ऑनलाइन आवेदन कैसे करें :–**

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें, कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा कार्यरत Mobile No. मौजूद है, जिसका उल्लेख उन्होंने आवेदन पत्र में किया है।
2. आवेदक सर्वप्रथम B.P.S.C के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in को खोलें, इसमें दिये गए Apply Online Application के Button पर Click करें। Click करने के बाद नया पेज खुलेगा, इस पेज पर दिए गए Online Registration Button पर Click करें।
3. जिस पद के लिए उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं, उसमें दिए गए Apply Online Button पर Click करें। Click करने के बाद Screen पर Registration Page आ जाएगा। यहाँ उम्मीदवार अपना नाम, E-mail ID, Mobile No., जन्म तिथि, निवास स्थान इत्यादि को भरें। Mobile No. एवं E-mail के confirmation हेतु Registration Page में get OTP का Button है, जिसपर Click करने के बाद Mobile No. एवं E-mail ID पर Code अलग–अलग आएगा, जिन्हें get OTP Button के बगल के Boxes में भरना होगा। उसके बाद Submit Button पर Click करें। Click करने के बाद उम्मीदवार के E-mail ID पर एक E-mail आएगा, जिसमें उम्मीदवार का User Name, Password and Login Link होगा।
4. User Name, Password प्राप्त होने के बाद Apply Online Link पर Click करें और Existing User tag में अपना User Name और Password Type करें तथा साथ में नीचे दिए गए Captcha Code Type करें और Login Button दबाए। Login होने के बाद डैश बोर्ड खुल जाएगा।
5. यहाँ Payment Section में जाकर Download Bank Challan Button पर Click करें और Challan Download करें।
6. Challan को Bank मे जमा करने के 48 घंटा के बाद पुनः Login करके Application Form Button पर Click करें और आवेदन में उम्मीदवार अपनी सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करें। Form भरने के बाद Submit Button Page के Form को Submit कर दें।
7. आवेदन को Submit करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि सभी जानकारी जो उम्मीदवार द्वारा दी गयी है, वह सही है तथा उनका फोटो एवं हस्ताक्षर सही तरीके से Upload हो चुका है, क्योंकि एक बार फार्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा।
8. Submit करने के बाद उम्मीदवार को Confirmation mail आएगा, जिसका Print निकालकर सभी पृष्ठों पर स्वयं हस्ताक्षर करें और बैंक चालान की BPSC Copy तथा सभी अनुलग्नक के साथ निम्नलिखित पते पर भेजें:–

| | |
|---|---|
| **संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना–800001** | **Joint Secretary-Cum-Examination Controller, Bihar Public Service Commission, 15, Jawaharlal Nehru Marg (Bailey Road), Patna-800001** |

9. E-mail ID पर भेजे गये Address Slip तथा Form Slip को Print कर लिफाफा पर चिपकाएं।
10. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर दिए गए हेल्प लाइन नम्बर (Helpline No.) पर संपर्क किया जा सकता है;

**E-mail Id :- bpscpat-bih@nic.in**
**Phone No.- 0612-2505073, 0612-2504795**